वो मेरा सांवरा जब मेरे साथ है

वो मेरा सांवरा जब मेरे साथ है,
अब मुझे इस ज़माने की परवाह नहीं,
कुछ भी कर जाऊ गा साथ ये जो रहे,
फिर किसी आंधी तूफ़ान की परवाह नहीं,

है भरोसा मुझे अपने भगवान् पे,
मैं छोड़ा है सब सांवरे श्याम पे,
मेरी नाइयाँ की वो थामे पतवार है,
इस लिए डूब जाने की परवाह नहीं,
वो मेरा सांवरा जब मेरे साथ है

श्याम जीवन मेरा मेरा आधार है,
प्यार करता मुझे मेरा दिल दार है,
हम भुला कर उसे भूल सकते नहीं,
इस लिए भूल जने की परवाह नहीं
वो मेरा सांवरा जब मेरे साथ है

श्याम का धाम ही है ठिकाना मेरा,
श्याम का नाम ही है सहारा मेरा,
मेरे सिर पे मोहित श्याम का हाथ है,
सारा जग रूठ जाने की परवाह नहीं,

वो मेरा सांवरा जब मेरे साथ है

Source: https://www.bharattemples.com/vo-mera-sanwara-jab-mere-sath-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw